नगर आयुक्त ने निगरानी समितियों से किया संवाद

निगरानी समितियों से संवाद करते नगर आयुक्त संतोष शर्मा

शाहजहांपुर। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा मोहल्ला निगरानी समितियों से वार्डो में जाकर संवाद किया गया । नगर क्षेत्र में कोविड -१९ महामारी के सक्रमण को तेजी से फैलते देख नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बनी मोहल्ला निगरानी समितियों को उनके वार्डों में स्वंय जाकर मोहल्ला निगरानी समितियों के सदस्यों से संवाद किया गया व प्रोत्साहित किया गया । संवाद के समय नगर आयुक्त ने कहा कि जिस व्यक्ति में कोविड -१९ के लक्षण पाये जाते है तो उस व्यक्ति को घर पर एक अलग कमरे में रखा जाये जिससे अन्य लोगो को कोविड -१९ के सक्रमण से बचाया जा सके। इस मौके पर अपर नगर आयुक्त एसके सिंह एवं क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक उपस्थित रहे। कोविड -१९ के दृष्टिगत नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर चरणबद्ध तरीके से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत नगर निगम के ६० वार्डों के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियो में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान चलाया गया तथा नालो की सफाई का कार्य युद्धस्तर पर प्रतिदिन कराया जा रहा है। नगर आयुक्त ने कहा कि कोरोना कोविड -१९ के चलते सभी नालों एवं छोटे नालो की सफाई का कार्य यथाशीघ्र कराया जाये । नगर आयुक्त ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं सफाई निरीक्षको को निर्देशित किया कि नालो की सफाई तलीझाड़ होना चाहिये और जो नाले से मलबा निकले उसे उठवा कर उसका तत्काल निस्तारण भी कराया जाये। जिससे आमजन को आवागमन में कठिनाई न उत्पन्न हो।। कोविड -१९ के संक्रमण को ध्यान में रखते हुये नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम द्वारा क्षेत्र में प्रदान की जा रही सुविधाओं को उपलब्ध कराने हेतु अथवा नगर निगम से सम्बन्धित किसी प्रकार की समस्या हेतु नगर निगम आये बिना हेल्प डेस्क, कंट्रोलरूम के टेलिफोन नम्बर ०५८४२ २२५४३७ तथा मोबाईल नम्बर ७३५५००३८८२ पर अपने क्षेत्र की समस्या, शिकायत दर्ज करा सकते है। जिस पर तत्काल शिकायत का निस्तारण कराया जायेगा। इसके साथ ही नगर निगम कार्यालय में स्थापित कोविड -१९ हेल्प डेस्क , कन्ट्रोल रुम नं०-७३५५००३८८२ पर आई दो दिनों में २४ शिकायतों में से २२ का निस्तारण करा दिया गया है।